खेत पर जाने का रास्ता, तो किसी को चाहिए प्रधानमंत्री आवास

कलेक्टर ने की विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की, नामांतरण के लिए आदेश, अतिक्रमण हटाने के निर्देश, जमीन का होगा सीमांकन

उज्जैन। किसी को खेत पर जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो किसी ने रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया,किसी को प्रधानमंत्री आवास की दरकार है तो किसी की जमीन का नामांतरण नहीं हो पा रहा। वहीं किसी की जमीन को नपती करके नामांतरण नहीं किया जा रहा, ऐसे सभी मामलों की सुनवाई उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार को की और लगातार आवेदकों को समस्याओं का समाधान प्राप्त होता रहा।

प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले भर से कई आवेदन आते हैं उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह सभी को न्याय दिलाया जाने के लिए लगातार गढ़ संकल्पित है। यही कारण है कि लगातार मामले निपट रहे हैं और लोगों को राहत पहुंच रही है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। खाचरौद के ग्राम बरथून निवासी अशोक ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा कुछ समय पूर्व कृषि भूमि क्रय की गई थी। परंतु आज दिनांक तक भूमि का नामांतरण नहीं किया गया है। इस पर एसडीएम खाचरौद को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी श्यामाबाई ने आवेदन दिया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है तथा उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्व में कई बार आवेदन किए जा चुके है परंतु उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।इस पर नगर निगम उज्जैन के आवास योजना प्रभारी अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उज्जैन निवासी मोहिनी बाई पति स्व. भागीरथ ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि का सीमांकन काफी समय बीत जाने के बावजूद नहीं किया गया है। इस पर तहसीलदार उज्जैन शहर को समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट, एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

महिला ने किया अतिक्रमण-रास्ते में मकान..

उज्जैन तहसील के ग्राम कड़छली में रहने वाले राजाराम ने आवेदन दिया कि गांव में एक महिला के द्वारा उन्हें और अन्य रहवासियों द्वारा ग्रामीण आबादी की ओर आवागमन के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें गांव में आने जाने में बहुत समस्या हो रही है। इस पर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नागदा के ग्राम निनावटखेड़ा निवासी जगदीश ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित शासकीय मार्ग पर एक व्यक्ति के द्वारा मकान का निर्माण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें और अन्य ग्रामवासियों को कृषि कार्य करने के लिए अपने-अपने खेतों से जाने में बहुत असुविधा हो रही है। अत: उक्त मार्ग को पुन- प्रारंभ करवाया जाए। इस पर एसडीएम नागदा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बिरगोद डेम का पानी पेयजल के लिए संरक्षित घोषित किया

उज्जैन। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने पेयजल परिरक्षण जल अधिनियम 1986 की धारा 3 में उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार जनसाधारण को घरेलू प्रयोजन के लिए जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से तराना में स्थित छोटी कालीसिंध नदी पर बनाए गए बिरगोद स्टॉप डेम के जल को संरक्षित घोषित कर दिया है। कलेक्टर सिंह ने डेम के जल को बिरगोद एवं उससे लगे ग्रामों के लिए केवल पेयजल के लिए प्रयोग करने की अनुमति दी है तथा जल को अन्य किसी प्रयोजन तथा सिंचाई एवं औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग के लिए निषिद्ध कर दिया है। आदेश के तहत एसडीएम तराना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तराना और एसडीओपी तराना यह सुनिश्चित करेंगे कि जल का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजन के लिए हो। यह उनका उत्तरदायित्व होगा कि वे अन्य प्रयोजन के लिए उनके अधिकार क्षेत्र में जल उपयोग करते पाए जाने कि स्थिति में प्रभावशील आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। नगर परिषद तराना राजस्व विभाग एवं विद्युत मंडल के दल तराना स्थित बिरगोद स्टॉप डेम पर चल रहे या चलने वाले अवैध पंपों को जब्त करने की कार्रवाई करेंगे। उक्त आदेश का उल्लंघन सिद्ध पाए जाने पर 02 वर्ष का कारावास अथवा 2 हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किए जाने की व्यवस्था है। उक्त आदेश आगामी 30 जून तक के लिए प्रभावशील रहेगा।

ट्रेन में बैंक मैनेजर को आया हार्ट अटैक, मौत

उज्जैन। बैंक ऑफ बड़ौदा में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ व्यक्ति की जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। यात्रियों की सूचना पर जीआरपी ने उज्जैन स्टेशन पर शव उतारा। जानकारी मिलने पर देवास से परिजन उज्जैन पहुंचे हैं। भोपाल के अवधपुरी में रहने वाले धीरज पिता अरुण पाटिल 54 वर्ष बैंक ऑफ बड़ौदा में ब्रांच मैनेजर थे। वह जयपुर भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन से ड्यूटी ज्वॉइन करने के लिए बांसवाड़ा जा रहे थे। लेकिन रास्ते ही से में अचानक तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन में वह बेसुध हो गए। यात्रियों ने मामले की सूचना रेलवे पुलिस को दी। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी ने उन्हें ट्रेन बाहर निकाला। इस दौरान उनकी मौत हो चुकी थी। उन्हें चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने की बात कही। जीआरपी ने उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान की और परिजनों को सूचना दी। देवास से मयंक परमार उज्जैन पहुंचा जो रिश्ते में भतीजा लगता है। वहीं जानकारी मिलने पर भोपाल से भी परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि बांसवाड़ा में ज्वॉइनिंग हुई थी। भोपाल से ट्रेन में रतलाम तक जाना था जहां से बस से वह बांसवाड़ा ज्वॉइनिंग के लिए पहुंचने वाले थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

एक नजर में

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
"स्वास्थ्य, जनस्वच्छता एवं ... स्वास्थ्य"

छात्राओं को सफलता प्राप्त करने के सूत्र बताए

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में बौद्धिक व्याख्यान हेतु आचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के सूत्र बताए तथा आंतरिक एवं बाह्य रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कविता जैन ने विशेष शिविर की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य मैं नहीं, आप को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी मोनिका परमार ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी मीरा यादव ने व्यक्त किया। विशेष शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा विविध सामाजिक, शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

Amul
Taste of India
NIRMALA COLLEGE, UJJAIN
EDUCATIONAL EXCURSION

अमूल प्लांट में किया शैक्षणिक भ्रमण

उज्जैन। शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से निर्मला महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उज्जैन स्थित अमूल उद्योग का औद्योगिक भ्रमण किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी के संरक्षण में आयोजित इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की कार्यप्रणाली और उत्पादन प्रक्रिया से रूबरू कराना था। भ्रमण समिति के प्रभारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अमूल प्लांट के भीतर दुग्ध संग्रहण, आधुनिक प्रसंस्करण, पैकेजिंग और वितरण प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उद्योग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्लांट में अपनाई जाने वाली आधुनिक तकनीकों और कड़े गुणवत्ता मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने जाना कि कैसे कच्चे दूध को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है। भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुमित सोनी, अंजलि बी. रोज और मेघना नाहर भी उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अपने करियर और ज्ञानवर्धन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

ROTARY CLUB OF
15206

पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी-सोनू गहलोत

उज्जैन। बच्चों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी बराबर ध्यान देना चाहिए और मोबाइल की दुनिया से दूर रहकर शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। यह विचार पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गहलोत ने व्यक्त किए। वे रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय ज्ञान टेकरी, पीपली नाका में आयोजित सामग्री वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के सौजन्य से स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, पानी की बोतल, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर और खेल सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर पर्यावरण कार्यकर्ता कृष्णकांत पवार ने बताया कि यह समस्त सामग्री उनके सुपुत्र डॉ. ऐश्वर्य पवार (यूएसए) द्वारा बच्चों के लिए उपहार स्वरूप भेजी गई है। सुरेश शर्मा ने क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश चंद्र चागेसिया ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षक मुनीश सक्सेना, सुरेश गहलोत एवं नरेश कुशवाहा उपस्थित रहे।

श्री सौभाग्येश्वर महादेव पर हुई महाआरती

उज्जैन। पुराने चिमनगंज थाने के समीप स्थित श्री सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में रात्रि 8 .30 बजे महाआरती की गई व संतरा, चीकू का महाभोग अर्पित कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी पं. अशोक जोशी के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर प्रात :काल से ही भक्तों ने बाबा का अभिषेक पूजन आरंभ कर दिया। नियमित आरती उपरांत रूद्राभिषेक किया गया। पर्वकाल में महिलाओं ने बाबा के भजन गाए और संध्याकाल में मंदिर पर आकर्षक पुष्प सज्जा की गई। बाबा श्री बाल हनुमानजी व भगवान श्री भैरवजी का सिंदूर से चित्ताकर्षक श्रृंगार किया गया तथा महादेव का भगवान श्री सौभाग्येश्वर महादेव का भांग व मेवों से राजसी पगड़ी में अनूठा सेहरा श्रृंगार देखकर श्रद्धालु मोहित हो गये। महाआरती में अशोक शर्मा, मनोहर तेजरा, इंजीनियर अभिषेक शर्मा, सुनील जैन, रमा शर्मा, ज्योति शर्मा, ज्योति राणावत, भारती शर्मा, टीना जाजू सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

झांसा देकर साथ लोगों ने ठगे 40 लाख रुपए

उज्जैन। उत्तरप्रदेश के लखनऊ से आए 7 लोगों ने युवक को मुनाफे का झांसा दिया और लाखों रुपए का निवेश करवा लिया। कुछ दिन बाद झांसा देने वाले सभी लोग फरार हो गए। आर्थिक नुकसान होने पर युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जांच के बाद मामले में आरोपियों के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया गया है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौर रोड स्थित कीर्तिनगर में लव पिता गणपतलाल बामनिया 28 वर्ष निवास करता है। पिछले वर्ष अप्रैल माह में उत्तरप्रदेश के रहने वाले प्रसन्न पाल, विकास पाल, सौरभ पाल, सूर्यकांत पाल, दिनेश और अंकित उज्जैन आए थे। उन्होंने लव से पहचान होने पर झांसा देते हुए बताया कि मेडिकल और नर्सिंग होम डालने पर 12 प्रतिशत दवाओं पर कमीशन मिलेगा। वहीं हर माह डेढ़ से दो लाख रुपए की बचत होगी। वह तस्कर ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड से मेडिकल के लिए दवाएं उपलब्ध कराएंगे। लव उनके झांसे में आ गया और 40 से 50 लाख का निवेश कर मेडिकल खोल लिया। निवेश होते ही सभी आरोपी लापता हो गए। लव को न तो कमीशन मिला और न ही मुनाफा हुआ। आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा था। नवंबर माह में मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार देर शाम उत्तरप्रदेश के सात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत करने का प्रकरण दर्ज कर लिया। एक टीम आरोपियों की तलाश में अब उत्तरप्रदेश भेजी जाएगी।

चाय की दुकान चलाने वाले को चाकू मार छीने रुपए

उज्जैन। बीती रात जीरो पाइंट ब्रिज पर चाय की गुमटी चलाने वाले युवक का रास्ता रोक दो बदमाशों ने चाकू मारकर 2 हजार रुपए लूटने की वारदात को अंजाम दे दिया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मामले में पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई है। आगर रोड स्थित राजीव नगर में रहने वाला रवि पिता ओमप्रकाश 32 वर्ष ऋषिनगर पेट्रोल पंप के समीप चाय की गुमटी चलाता है। रात में दुकान बंद करने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। जीरो पाइंट ब्रिज से गुजरते समय पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और रवि की बाइक को ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। रवि कुछ समझ पाता उससे पहले ही एक बदमाश ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। रवि के घायल होते ही बदमाशों ने उसकी जेब की तलाशी ली और जेब में रखे 2 हजार रुपए निकालकर भाग निकले। अपने साथ हुई चाकूबाजी और लूट की वारदात के बाद घायल रवि लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचा। यहां उसे डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी। घायल रवि के बयान दर्ज किए गए हैं।

केशव नगर में दो पक्षों के लोगों में विवाद ने पकड़ा तूल

लाठी डंडे के साथ पत्थरबाजी, चार से पांच थानों का पहुंच बल

Su Mo Tu
1 2 3
8 9 10
15 16 17
22 23 24
CAM NAM
CAM 1
CAM 2
CAM 3
CAM 4
CAM 5
CAM 6
CAM 7
CAM 8
CAM 9

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के केशव नगर में मंगलवार दोपहर कोचिंग संचालक और ऑटो चलाने वाले मुस्लिम युवकों के बीच विवाद हो गया। कुछ देर बाद ही मामले में तूल पकड़ लिया। लाठी डंडे के साथ पत्थरबाजी हो गई। स्थिति को देखते हुए चार से पांच स्थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। कुछ युवकों को हिरासत में भी लिया गया है।

केशव नगर में रहने वाले अजय जागरी कोचिंग क्लास संचालित करते हैं। दोपहर में घर के बाहर खड़े थे उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाले इमरान और आरिफ ऑटो लेकर गुजरे। रास्ते से निकलने की बात पर उनके बीच विवाद हो गया। कोचिंग संचालक और ऑटो चलाने वाले युवकों के परिजन भी आमने-सामने हो गए। जमकर विवाद हुआ और कोचिंग संचालक अजय के साथ दूसरे पक्ष का एक युवक घायल हो गया। मामला थाने पहुंचने पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए। पुलिस ने कोचिंग संचालक की पत्नी पूनम की शिकायत पर आरिफ और इमरान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पूनम जागरी का कहना था ऑटो से आए युवकों ने हफ्ता मांगा था नहीं देने पर पति के साथ मारपीट की है। लेकिन शाम 5 के लगभग केशव नगर में स्थित फिर से तनावपूर्ण हो गई। कुछ युवक बाइक पर सवार होकर आए और पत्थर बाजी शुरू कर दी। एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया।

महिलाएं भी भिड़ीं

पत्थर बाजी की खबर लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस, महाकाल थाना पुलिस, माधव नगर और देवास गेट पुलिस का बल केशव नगर पहुंच गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु प्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे भी हालात और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए मौके पर पहुंच गए थे। सीएसपी शिंदे ने बताया कि स्थिति सामान्य है दोनों पक्ष से घायल हुए हैं जिनकी हालत भी स्थिर है। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक दूसरे के साथ लाठी डंडों और थप्पड़ मुक्कों के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। विवाद में महिलाएं भी दिखाई दे रही है।

आयुर्वेदिक विद्ध अग्निकर्म से श्री महाकाल वन मेले में 668 से अधिक रोगी लाभान्वित

उज्जैन। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया दशहरा मैदान में आयोजित श्री महाकाल वन मेला में जिला आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा आयुर्वेद अमृतानाम की अवधारणा को जीवंत करते हुए प्रदर्शनी क्षेत्र में प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें दिन चर्या, ऋतुचर्या, श्री अन्न जैसे सावा कोदो, कुटकी, रागी (मोटे अनाज और उनके उपयोग) की जानकारी, विरुद्ध आहार सिद्धांत और विरुद्ध आहार के सेवन से होने वाले रोग, मधुमेह प्रबंधन के सरल कदम, योग ब्रेक मुख्य रूप से ऑफिस जाने वाले कर्मचारी कामकाजी पेशेवरों और डेस्क जॉब करने वालों को जानकारी दी गई। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि नि:शुल्क ओपीडी क्षेत्र में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श के द्वारा नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मेले में आने वाले रोगियों ने जोड़ों और मांसपेशियों का दर्द, टेंडन की चोट, पीठ दर्द, फ्रोजन शोल्डर,त्वचा रोगों (कोर्न ,और मस्सों) गर्दन दर्द कमर दर्द, घुटने दर्द, एड़ी के दर्द आदि में विद्ध, अग्नि कर्म आयुर्वेद की परंपरागत चिकित्सा पद्धति के द्वारा लाभ उठाया। इस दौरान 668 रोगियों ने चिकित्सा उपचार का लाभ प्राप्त किया।

आयुष विभ... जिला...
कार्यालय जि...

नौ स्थानों पर हुआ जल सुनवाई का आयोजन

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु बुधवार 17 फरवरी को शहर के 09 स्थलों जिसमें मुरलीपुरा पानी टंकी, मिर्चीनाला टंकी, खिलचीपुर टंकी, महानंदा नगर टंकी, त्रिवेणी विहार टंकी, नागझिरी टंकी, देवास गेट टंकी, नगर निगम मुख्यालय, कलेक्ट्रेट भवन पर जल सुनवाई का आयोजन किया गया। इसी के क्रम में महानंदा नगर स्थित पानी की टंकी, नागझिरी एवं मुरलीपुरा पानी की टंकी पर जलसुनवाई केंद्र का अवलोकन महापौर मुकेश टटवाल ने किया। महानंदा नगर स्थित जल सुनवाई केंद्र पर उपस्थित कर्मचारियों को महापौर ने निर्देशित किया कि सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए घर-घर जाकर जल का परीक्षण करें। नागझिरी स्थित पानी की टंकी पर स्थानीय नागरिक ने गंदे पानी की शिकायत की। महापौर ने तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जलसुनवाई में कुल 7 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें 1 लीकेज संबंधित, 3 गंदे, मटमैला पानी संबंधित, 2 नल नहीं आने, कम प्रेशर संबंधित, 1 बिल भुगतान संबंधित हैं।

संस्कृत रंगपरम्परा का जीवंत प्रदर्शन :चारुदत्तम् ने दिया नैतिकता का संदेश

उज्जैन। विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित नाट्य महोत्सव में संस्कृत रंगपरंपरा के प्रसिद्ध नाटक 'चारुदत्तम' की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रेम, नैतिकता और सत्य की शक्ति का संदेश दिया। शुरुआत अतिथि प्रो. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, नरेश शर्मा ने कलाकारों का सम्मान कर की। महाराज शोध पीठ, संस्कृति विभाग मप्र शासन एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (भारंगम) द्वारा आयोजित विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत जारी नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को कालिदास अकादमी के संकुल भवन में शाम 7.30 बजे से 'चारुदत्तम' की प्रस्तुति हुई। इसका निर्देशन महाराष्ट्र के रामजी बाली ने किया। यह संस्कृत नाट्य परंपरा का प्रसिद्ध नाटक है, जिसके रचनाकार प्राचीन भारतीय नाटककार भास माने जाते है। नाटक की कहानी धनाढ्य नायिका वसंतसेना और निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त के प्रेम तथा जीवन-संघर्ष पर आधारित है। वसंतसेना, चारुदत्त के गुणों से प्रभावित होकर उससे प्रेम करने लगती है। चारुदत्त नैतिकता और सिद्धांतों का पालन करने वाला युवा है। चारुदत्त पर झूठे आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन अंतत: सत्य और प्रेम की जीत होती है। चारुदत्त की कहानी भले ही प्राचीन हो, लेकिन आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है। यह युवाओं को महत्वपूर्ण संदेश देती है कि धन आंशिक सम्मान दिला सकता है, लेकिन चरित्र से स्थायी सम्मान प्राप्त होता है। खलनायक शकार गलत साथियों के कारण गलत निर्णय लेकर स्वयं फंस जाता है। सबसे महत्वपूर्ण संदेश है सत्यमेव जयते। धैर्य सबसे बड़ा गुण है और अंतत: सत्य की ही विजय होती है। मंच पर सूत्रधार की भूमिका रवि चंद्रा ने निभाई। नायक चारुदत्त की भूमिका ऋषभ शर्मा, नायिका वसंतसेना की भूमिका अदिति तथा शकार की भूमिका श्री सैम सुकांत ने निभाई।

आज भी विशेष दर्शन जिन मुखौटों को अलग-अलग दिन में सजाया जाता है वे सारे मुखौटे आज एक साथ लगाकर दर्शन कराए जाएंगे

महाशिवरात्रि पर अनुमान से करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु कम आए, जिला प्रशासन ने की थी तैयारी

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा। दो दिन के अंदर साढ़े 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि पहले दिन 15 फरवरी के दिन सुबह से रात तक मंदिर में 5 लाख 78 हजार 943 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। दूसरे दिन 16 फरवरी को 2 लाख 27 हजार 602 श्रद्धालु आए। इस प्रकार दो दिनों में मिलाकर कुल 8 लाख 65 हजार 45 श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की गिनती हेड काउंटिंग मशीन से की जाती है। इसके लिए समिति ने विशेष स्थानों पर मंदिर में दर्शनार्थियों की गिनती के लिए मशीन लगा रखी है जो मंदिर आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती बता देती है कि किस दिन कितने लोग उमड़े। प्रशासन ने पूर्व से ही मीडिया में जारी बयान में कहा था कि इस बार महाशिवरात्रि पर्व के दौरान महाकाल मंदिर में अनुमानित 10 लाख श्रद्धालु उमड़ेंगे। इसको ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन ने मंदिर समिति के साथ मिलकर सुलभ दर्शन व सुरक्षा आदि के इंतजाम किए थे। लेकिन प्रशासन के अनुमान से इस बार डेढ़ लाख श्रद्धालु ही कम उमड़े।

महाकाल में आज पंच मुखौटों के दर्शन, वर्ष में एक बार ही होते है

भगवान महाकाल आज 18 फरवरी को पांच रूपों में सजकर भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे। वर्ष में केवल एक बार ही महाशिवरात्रि पर्व के बाद आने वाले चंद्र दर्शन की दूज के दिन महाकाल के इस दिव्य श्रृंगार के दर्शन होते हैं। महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व नौ दिनों तक शिव नवरात्रि का उत्सव मनाया जाता है। जिसमें प्रतिदिन भगवान महाकाल भक्तों को रोज नए श्रृंगार में सजकर दर्शन देते हैं। हजारों श्रद्धालु इन श्रृंगार के दर्शन करने रोज मंदिर में उमड़ते हैं। लेकिन जो श्रद्धालु किसी कारण से शिव नवरात्रि में बाबा के इन श्रृंगार के दर्शन करने नहीं आ पाते वे महाशिवरात्रि पर्व के बाद आने वाली चंद्रदर्शन की दूज के दिन पंच मुखौटे के श्रृंगार के दर्शन कर शिव नवरात्रि के दर्शन का फल प्राप्त कर सकते हैं। जिन मुखौटों को अलग-अलग दिन नवरात्रि में सजाया जाता है वे सारे मुखौटे इस दिन एक साथ लगाकर दर्शन कराए जाते हैं। शाम से रात तक मंदिर में पंच मुखौटों के दर्शन होंगे।

श्रीमद् भागवत कथा का सातवें दिन पूर्णाहुति के साथ हुआ विश्राम

उज्जैन। कर्मण्य कृष्ण सेवा समिति द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 फरवरी से 17 फरवरी तक केशव नगर कालोनी में आयोजित की जा रही थी। समिति की अध्यक्ष एवं आयोजक मिथलेश गुप्ता (राधा दीदी) ने बताया कि कर्मण्य कृष्ण सेवा समिति द्वारा कथा व्यास महामंडलेश्वर अमरदास महाराज अयोध्या वाले के मुखारविंद से प्रतिदिन कालोनी एवं आसपास की धर्मप्राण जनता बड़ी संख्या में कथा का श्रवण करने आ रहे है। मुख्य यजमान मनोज संगीता खंडेलवाल थे। केवन नगर में चल रही भागवत में आज सातवें दिन कथा का विश्राम हुआ। महाराज ने सातवें व अंतिम दिन शिशुपाल उद्धार, परीक्षित की परमगति, सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। कथा के अंत में महाआरती कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर जग्गनाथ महाराज, संगीता खंडेलवाल, भावना मिश्रा, देववती शर्मा, संतोष कपूर, भगवती जयसवाल, मोना शर्मा सहित समस्त केशव नगर के रहवासी एव बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।